न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर,टोंक

प्रकरण संख्या

05/2026

रिंकू चौधरी श्री श्याम कम्प्यूटर्स तहसील कार्यालय नगरफोर्ट के सामने नगरफोर्ट जिला टोंक राज.

--अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एंव प्रभारी अधिकारी भू.अ. शाखा, कलेक्ट्रेट टोंक –प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय दिनांक **09.04.2026**

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन अपील पेश की है। अपीलार्थी द्वारा द्वारा राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 कलेक्टर टोंक को आवेदन पत्र दिनांक 09.10.2025 को प्रेषित/प्रस्तुत करने पर राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक ने पत्र कमांक 946 दिनाक 13.10.2025 से लोक सूचना अधिकारी एंव प्रभारी अधिकारी भू.अ. शाखा, कलेक्ट्रेट टोंक को अन्तरित कर प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु लिखा गया। अपीलाण्ट द्वारा निम्न वर्णित सूचना चाही गई:-

1. कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अ) टोंक द्वारा वर्ष 2022 से 2025 तक स्थानांतरित पटवारियों की सूची
2. तहसील टोंक से अन्य तहसीलों में या अन्य तहसीलों से टोंक तहसील में स्थानांतरित पटवारियों की सूची
3. टोंक तहसील से स्थानांतरित या टोंक तहसील में नवपदस्थ पटवारीयान द्वारा निर्धारित समय में चार्ज आदान प्रदान न करने पर जारी कारण बताओं नोटिस की प्रमाणित प्रतियां
5. उक्त कारण बताओ नोटिस के जवाब की प्रतिलिपियां
6. उक्त कारण बताओ नोटिस का जवाब निर्धारित समय पर न देने या जवाब से असंतुष्ट होने पर की गई कार्यवाही या उच्चाधिकारी को कार्यवाही हेतु लिखे गए पत्रों सूचना की प्रमाणित प्रतियां
7. तहसील कार्यालय टोंक से वर्ष 2022 से 2025 तक जारी कारण बताओ नोटिसों की प्रतियां
8. उक्त नोटिसों के जवाबों की प्रतिलिपियां
9. उक्त कारण बताओ नोटिस का जवाब समय पर न देने या जवाब से असंतुष्ट होने पर की गई कार्यवाही की प्रतियां

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। अपील दर्ज रजिस्टर कर अपील प्रा0पत्र की छायाप्रति लोक सूचना अधिकारी एंव प्रभारी अधिकारी भू.अ. शाखा, कलेक्ट्रेट टोंक को पत्र कमांक 170 दिनांक 30.01.2026, 309 दिनांक 18.02.2026 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलान्ट उपस्थित नही हुए। लोक सूचना अधिकारी एंव प्रभारी अधिकारी भू.अ. शाखा, कलेक्ट्रेट टोंक ने पत्र कमांक 1317 दिनांक 05.03.2026 से जवाब प्रेषित किया है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई

812

जिला कलेक्टर
टोंक

बिन्दू संख्या 1 की सूचना पत्र कमांक 6774 दिनांक 10.11.2025 से प्रेषित कि गई है। बिन्दू संख्या 2 ता 7 तक का संबंध लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार टोंक से होने से उनके पत्र कमांक 6794 दिनांक 12.11.2025 से प्रार्थना पत्र अन्तरित करते हुए अपीलाण्ट को पत्र कमांक 6795–96 दिनांक 12.11.2025 से सूचित किया गया है। अपील प्रा0पत्र की छायाप्रति लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार टोंक को पत्र कमांक 413 दिनांक 09.03.2026 व 530 दिनांक 18.03.2026 व 657 दिनांक 1.04. 2026 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार टोंक ने पत्र कमांक 2288 दिनांक 25.03.2026 से जवाब प्रेषित किया है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचनां उनके पत्र कमांक 14674 दिनांक 2.12.2025 से पूर्व मे ही उपलब्ध करवा दी गई है। अतः अपील में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील अस्वीकार योग्य है।

फलतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार टोंक तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

(टीना डाबी)
प्रथम अपील अधिकारी
एंव जिला कलेक्टर टोंक

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान)